
मिशन ऑक्सीजन से जुड़े, हस्ताक्षर अभियान शुरू किया

# 250 से ज्यादा पेड़ों को बचाने मैदान में उतरे रहवासी

दबंग रिपोर्टर ■ रतलाम

13-6-2021

## जवाहर नगर, गांधी नगर के लोगों ने कहा पेड़ काटने आए तो होगा चिपको आंदोलन



शहर में सड़क निर्माण के लिए जवाहर नगर, गांधीनगर से लेकर रेलवे कॉलोनी की बाउंड्री तक 250 से भी ज्यादा हरे और बड़े पेड़ों को कटाई से बचाने के लिए अब पर्यावरण प्रेमियों के साथ आम जनता भी सामने आने लगी है। नगर निगम ने हरे पेड़ों को कटाई के लिए चिन्हित करके नंबर भी डाल दिए हैं। इसके बाद प्रबल सामाजिक सेवा समिति के सदस्यों सहित आम रहवासियों ने शनिवार दोपहर को हस्ताक्षर अभियान चलाया। इसके साथ प्रदेश के वन एवं पर्यावरण मंत्री सहित नगरीय प्रशासन मंत्री और मुख्यमंत्री तथा राज्यपाल के नाम पत्र भी सौंपे जाएंगे। शनिवार दोपहर करीब 4 बजे से जवाहर नगर, गांधी नगर में प्रबल सामाजिक समिति और मिशन ऑक्सीजन के सदस्यों ने अभियान चलाया। संयोजक अदिति दवेसर, किरण पाल आदि ने बताया कि शनिवार से वहां हस्ताक्षर अभियान प्रारंभ किया गया है। इसमें पहले ही दिन लोगों ने बहुत उत्साह के साथ भाग लिया। जवाहर नगर निवासी वीर गुर्जर ने कहा कि पेड़ों को रहवासियों ने लगाया है और वर्षों से ये घरों के आगे छाया और फल दे रहे हैं। गुर्जर ने कहा कि पूरी सड़क पर पेड़ एकदम कोने में हैं और यातायात में कभी समस्या नहीं हुई। वहां के रहवासी भी नहीं चाहते कि इन पेड़ों को काटा जाए। जरूरत पड़ने पर सड़क और फुटपाथ का निर्माण पेड़ों के ईर्द-गिर्द किया सकता है। अगर प्रशासन द्वारा लोगों की भावनाओं को न सुनकर सख्ती की गई तो लोग उग्र आंदोलन और चिपको आंदोलन करने को भी तैयार हैं।

## कलेक्टर और आयुक्त से लगा चुके हैं गुहार

नगर निगम ने सड़क निर्माण के लिए जवाहर नगर, गांधी नगर से रेलवे कॉलोनी के प्रारंभ तक 287 पेड़ों पर कटाई के लिए नंबर डाले हैं। इनमें नीम, बरगद, बादाम, शीशम, इमली, गुलमोहर आदि के पेड़ शामिल हैं। अधिकांश पेड़ ऐसे हैं जो प्रस्तावित सड़क के किनारे, फुटपाथ और कुछ तो इसमें भी और दूर हैं। बावजूद इसके सभी पेड़ों की कटाई की तैयारी ठेकेदार द्वारा पूरी कर ली गई है। इसे लेकर एक सप्ताह से आम नागरिक लगातार विरोध कर रहे हैं। दो दिन पूर्व रहवासियों के साथ प्रबल सामाजिक समिति और मिशन ऑक्सीजन के तहत सदस्यों ने कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम और नगर निगम उद्यान प्रभारी को पत्र सौंपकर पेड़ों की कटाई न करने की मांग की थी।

# शैलेन्द्र मेहना को वार्ड 46 के प्रभार से मुक्त किया

**रतलाम।** निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने वार्ड क्रमांक 46 के वार्ड प्रभारी के प्रभार से मुक्त कर वार्ड क्रमांक 8 में मूल पद सफाई संरक्षक के पद पर सफाई कार्य हेतु नियुक्त किया।


# गंदगी पर अंकुश नहीं लगाया, 5 को नोटिस

रतलाम | गंदगी करने वाले दुकानदार व नागरिकों पर जुर्माना करने हेतु गठित दल के 5 कर्मचारियों द्वारा कार्य में लापरवाही बरतने पर एक दिन का वेतन काटने के साथ ही उन्हें शोकॉज नोटिस दिया है। काम में लापरवाही बरतने पर निगमायुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देश पर कर्मचारी मनोज टांक, पवन झांझोट, आकाश शिंदे, मनोज झांझोट, राकेश ललावत का एक दिन का वेतन काटने के साथ उन्हें नोटिस जारी किया।


# सिर्फ 4 पॉजिटिव रतलाम जिले में मिले, शहर से तो सिर्फ 2 ही हैं, ऐसा 101 दिन के बाद हुआ

रतलाम | जिले में कोरोना संक्रमण कम हो रहा है। शनिवार को सिर्फ 4 पॉजिटिव सामने आए है। 101 दिन पहले 4 मार्च को ऐसा हुआ था, जब 4 पॉजिटिव मिले थे। 8 मई को सर्वाधिक 398 पॉजिटिव मिले थे। जिले में कुल पॉजिटिव 17444 हो गए है। जिले में 550 बेड का मेडिकल कॉलेज अब खाली होने लगा है। शनिवार को सिर्फ 43 मरीज ही यहां भर्ती थे।


**4 दिन से 10 से कम केस**





**एक्टिव केस भी 300 से कम**




**मई में 13 दिन ऐसे जब रोज 5 मौतें हुईं**




## महाराणा प्रताप जयंती आज, रोशनी से सजाई प्रतिमा



रतलाम. शहर में राजपूत समाज रविवार को वीर महाराणा प्रताप की जयंती उत्साह से मनाएगा। इसके लिए समाज द्वारा सैलाना बस स्टैंड स्थित महाराणा की प्रतिमा पर आकर्षक विद्युत सज्जा की गई है। आयोजन कोरोना गाइड लाइन में होंगे।

निगम में नियंत्रण कक्ष की स्थापना

इन्दौर समाचार 13-6-21

# आपदा प्रबंधन हेतु निगम आयुक्त ने सौंपी जिम्मेदारी

**रतलाम।**

अति वृष्टि के दौरान उत्पन्न होने वाली संभावित परिस्थितियों से निपटने एवं आपदा प्रबंधन के लिए निगम स्तर पर की जाने वाली व्यवस्थाओं के संबंध मे निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने निगम मे विभिन्न विभागों के अधिकारियों तथा कर्मचारियों को पाबंद किया है।

निगम आयुक्त श्री झारिया द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत् जीर्ण-शीर्ण भवनों को वर्षा ऋतु के पूर्व नोटिस देकर खतरनाक भवनों को चिन्हित किया जाकर भवन स्वामी को नोटिस दिये जाने तथा क्षतिग्रस्त पुलियाओं को चिन्हित कर रेडियम लगाने के निर्देश के साथ जल प्लावन रोकने तथा पानी के बहाव में अवरोध उत्पन्न करने वाले नाला एवं नालियों के अतिक्रमण चिन्हित कर हटाये जाने तथा शहर के नाले नालियों एवं वाल के चेम्बरों पर लगे ढक्कन व फर्सी इत्यादि खुली न रहे इसकी व्यवस्था किये जाने की जिम्मेदारी लोक निर्माण विभाग एवं कर्मशाला विभाग को सौंपी है। अति वृष्टि हेतु 8 आश्रय स्थल बनाये गये है जिसके तहत् गांधीनगर कम्युनिटी हॉल, ईश्वर नगर विद्यालय भवन, शैरानीपुरा जमातखाना, अम्बेडकर मांगलिक भवन पोलोग्राउण्ड, अलकापुरी कम्युनिटी हॉल, धीरजशाह नगर रॉयल हॉल, भवन निर्माण कला केन्द्र विरियाखेड़ी तथा श्री जैन उ.मा.विद्यालय सागोद रोड है। आश्रय स्थलों के व्यवस्था की जिम्मेदारी उपयंत्री श्री विकास मरकाम उपयंत्री को सौंपी गई है। जो नियुक्त किये गये कर्मचारियों के सहयोग से समुचित व्यवस्था सुनिश्चित् करेंगे। आपदा प्रबंधन के उपयोग में आने वाली आवश्यक सामग्री एवं संसाधनों का आंकलन कर उसके भण्डारण की जिम्मेदारी भण्डार रक्षक को सौंपी है साथ ही वर्षा ऋतु में शुद्ध जल की उपलब्धता एवं वितरण के लिये आवश्यक रसायनों की व्यवस्था एवं उपलब्धता तथा पानी निकालने के लिये पम्प आदि की व्यवस्था किये जाने की जिम्मेदारी प्रभारी कार्यपालन यंत्री जलप्रदाय को सौंपी है।

जल की समुचित निकासी एवं व्यवस्थित बहाव के लिए आवश्यक व्यवस्था तथा इस हेतु पृथक से दल गठित करना, वर्षा काल में सड़ी-गली सब्जी-फल आदि के विनिष्टीकरण की कार्यवाही एवं इस हेतु पृथक से दल गठित करना तथा नगर के विभिन्न क्षेत्रो में छोटे एवं बड़े नाले-नालियों की वर्षा पूर्व समुचित सफाई एवं जल एक स्थान पर एकत्रित न हो इसकी व्यवस्था, सार्वजनिक शौचालयों एवं मुत्रालयों की नियमित रूप से साफ-सफाई करवाई जाकर आपदा प्रबंधन के संबंध में आवश्यक संसाधन, कीटनाशक आदि की व्यवस्था करने की जिम्मेदारी प्र.स्वास्थ्य अधिकारी एवं स्वच्छता निरीक्षकों को सौंपी गई है। इसके अलावा प्रकाश हेतु टार्च, पेट्रोमेक्स, तैराक इत्यादि की व्यवस्था के भी निर्देश संबधित को दिये है। निगम आयुक्त झारिया ने आपदा प्रबंधन एवं राहत कार्य के लिये नियंत्रण कक्ष जिसका दूरभाष नम्बर 07412-270563 स्थापित कर उपयंत्रियों एवं सहायक कर्मचारियों की ड्यूटी लगाये जाने के निर्देश दिये। इसके अलावा नाले नालियों की सफाई, वर्षा के जल को बड़े नालों में मिलाना, वर्षा का पानी एक स्थान पर एकत्रित होने पर कच्चे नाले-नालियों का निर्माण करना, अतिवृष्टि स्थल पर विद्युत लाईन काटने हेतु दल गठित करना, आपदा की स्थिति में फायर बिग्रेड दल को सुलभ रखना, तैराक की व्यवस्था करने सहित निगम के अन्य वाहनों को कार्यशील अवस्था में रखने के निर्देश संबधितों को दिये।

## कन्टेनमेंट क्षेत्रों में किया जा रहा है सेनेटाईजेशन का कार्य

रतलाम। कोविड- 19 ( कोरोना वायरस ) के फैलाव को रोकने हेतु जिला कलेक्टर कुमार पुरूषोत्तम के निर्देशानुसार नगर के विभिन्न क्षेत्रों में कोरोना संक्रमित मरीज पाये जाने पर बनाये गये कन्टेनमेंट क्षेत्रों में फायर लॉरी, ट्रेक्टर ट्रॉली व हैण्ड स्प्रे मशीन से सेनेटाईजेशन किया जा रहा है। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि नगर के विभिन्न क्षेत्रों में कोरोना संक्रमित मरीज पाये जाने पर बनाये गये विभिन्न कन्टेनमेंट क्षेत्रों में फायर लॉरी, टेक्टर ट्रॉली व हैण्ड स्प्रे मशीन से कन्टेनमेंट क्षेत्रों में नियमित रूप से पानी में 1 प्रतिशत सोडियम हाईपोक्लोराईड मिलाकर सेनेटाईजेशन का कार्य झोन अनुसार नगर निगम के कर्मचारियों द्वारा नियमित रूप से किया जा रहा है ताकि कोविड- 19 ( कोरोना वायरस ) के फैलाव को जा सके।

## कन्टेनमेंट क्षेत्रों में किया जा रहा है सेनेटाईजेशन का कार्य

रतलाम। कोविड-19 (कोरोना वायरस) के फैलाव को रोकने हेतु जिला कलेक्टर कुमार पुरूषोत्तम के
निर्देशानुसार नगर के विभिन्न क्षेत्रों में कोरोना संक्रमित मरीज पाए जाने पर बनाए गए कन्टेनमेंट क्षेत्रों में फायर लॉरी,
ट्रेक्टर-ट्रॉली व हैण्ड स्प्रे मशीन से सेनेटाईजेशन किया जा रहा है। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि नगर
के विभिन्न क्षेत्रों में कोरोना संक्रमित मरीज पाए जाने पर बनाए गए विभिन्न कन्टेनमेंट क्षेत्रों में फायर लॉरी, ट्रेक्टर-
ट्रॉली व हैण्ड स्प्रे मशीन से कन्टेनमेंट क्षेत्रों में नियमित रूप से पानी में 1 प्रतिशत सोडियम हाईपोक्लोराईड मिलाकर
सेनेटाईजेशन का कार्य झोन अनुसार नगर निगम के कर्मचारियों द्वारा नियमित रूप से किया जा रहा है, ताकि कोविड-
19 ( कोरोना वायरस ) के फैलाव को जा सके।

13-6-2021

**सोमवार सुबह तक बंद रहेंगे बाजार**

## जनता कर्फ्यू: आज से फिर रतलाम रहेगा पूरी तरह लॉक


पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. जिले में पूरी तरह से

जनता कर्फ्यू के दौरान आवश्यक सेवाओं को छोड़कर

# नगर के सभी 49 वार्डो में लगे वार्ड के कर्मचारियों की जानकारी के होर्डिंग्स

रतलाम। नगर के प्रत्येक वार्ड में सफाई कर्मचारियों के नाम, पदनाम, मोबाईल नम्बर, हाजरी का स्थल, वार्ड प्रभारी, झोन प्रभारी, स्वास्थ्य अधिकारी के नाम एवं मोबाईल नम्बर की जानकारी के फ्लेक्स होर्डिंग सभी 49 वार्डो में कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार नगर निगम के स्वास्थ्य अमले द्वारा लगाये गये। निगम आयुक्त झारिया ने बताया कि नगर के सभी 49 वार्डो में वार्ड में कार्यरत सफाई कर्मचारियों के नाम, पदनाम, मोबाईल नम्बर, हाजरी का स्थल, वार्ड प्रभारी, झोन



प्रभारी, स्वास्थ्य अधिकारी के नाम एवं मोबाईल नम्बर की जानकारी का फ्लेक्स होर्डिंग लगवा दिये गये हैं ताकि सभी को कर्मचारियों के संबंध में जानकारी प्राप्त हो सकें कि उनके वार्ड में सफाई कार्य हेतु कौन-कौन व कितनी संख्या में कर्मचारी कार्यरत है।

# सांसद, विधायक निधि एवं जनभागीदारी के कार्यों को पूर्ण करने में जिम्मेदारी तय करें

## कार्यों की धीमी प्रगति पर कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त की

रतलाम > **सांसद निधि विधायक निधि एवं जनभागीदारी के कार्य को समय सीमा में पूर्ण करने के लिए सभी निकाय एवं विभाग संबंधित अधिकारी की जिम्मेदारी तय करें।**

एक निश्चित तिथि बताएं और उस स्थिति तक कार्य को अनिवार्य रूप से पूर्ण करें। काम पूर्ण हो जाए तो उसका पूर्णता प्रमाण पत्र दें। किसी कार्य के लंबित होने में कोई बाधा है तो उसका निराकरण करें। किसी भी कार्य को टाले नहीं और पूर्ण गंभीरता से कार्य करें। उक्त निर्देश कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सांसद निधि, विधायक निधि एवं जनभागीदारी योजना के अंतर्गत जिले में किए जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती मीनाक्षीसिंह, एडीएम श्रीमती जमुना भिड़े, एसडीएम रतलाम शहर श्री अभिषेक गहलोत, रतलाम ग्रामीण सुश्री मनीषा वास्कले, सैलाना सुश्री कामिनी ठाकुर, जिला योजना अधिकारी श्री बी.के. पाटीदार सहित जिले के सभी जनपदों के सीईओ, समस्त नगरीय निकाय के अधिकारी एवं विभागीय अधिकारी मौजूद थे। कलेक्टर श्री पुरुषोत्तम ने सभी अधिकारियों को स्पष्ट रूप से कहा कि बिना किसी कारण के कोई कार्य अधूरा नहीं रहे,यदि किसी कार्य में विलंब हो रहा है तो उसके लिए संबंधित अधिकारी की जिम्मेदारी तय होगी। उन्होंने लंबित कार्यों के प्रति नाराजगी व्यक्त करते हुए जनपद पंचायत सीईओ एवं आलोट मुख्य नगरपालिका अधिकारी को शोकॉज नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। श्री पुरुषोत्तम ने कहा कि एक निश्चित समयावधि में कार्य पूर्ण होना चाहिए। अपनी योजना बनाकर निश्चित अवधि में इन कार्यों को पूर्ण करना तय करें। जिला योजना अधिकारी श्री बी.के. पाटीदार ने जिले में सांसद निधि, विधायक निधि एवं जनभागीदारी योजना के तहत प्रारंभ, प्रगतिरत एवं पूर्ण कार्य के पूर्णता प्रमाण पत्र नहीं मिलने संबंधी कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिले में प्रारंभ कार्य 34 एवं प्रगतिरत कार्य 123 है। पूर्ण कार्य के पूर्णता प्रमाण पत्र 84 कार्यों के आना शेष है। श्री पुरुषोत्तम ने उक्त सभी कार्यों को निश्चित समय सीमा में करने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक में समस्त सीएमओ, सीईओ जनपद, नगर निगम रतलाम, नगर पालिका जावरा, शिक्षा विभाग सहित संबंधित विभागों ने अपने कार्यों की प्रगति का ब्यौरा दिया।

# सात दिनों में 1233 हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाए

रतलाम ● स्वदेश समाचार

आयुष्मान भारत 'निरामयम' योजना अन्तर्गत नगर के पात्र हितग्राहियों के निःशुल्क आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य नगर निगम द्वारा 15 जून तक वार्डों के कॉमन सर्विस सेन्टरों पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशन में वार्ड वार नियुक्त अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा किया जा रहा है। कार्ड बनाने का कार्य 5 जून को प्रारंभ किया गया जिसके तहत 7 दिनों में 1233 हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनवाए जा चुके है। कलेक्टर एवं प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम द्वारा आयुष्मान भारत 'निरामयम' योजना अन्तर्गत आयुष्मान कार्ड विशेष अभियान चलाकर योजना अन्तर्गत पात्र परिवारों का आयुष्मान कार्ड समय-सीमा में बनाए जाने हेतु निगम आयुक्त को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

श्री झारिया द्वारा वार्डवार नगर निगम कर्मचारी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, कॉमन सर्विस सेन्टर के प्रोवाईडर के दलों का गठन किया है तथा कार्य के पर्यवेक्षण हेतु निगम के उपयंत्री, उपस्वच्छता पर्यवेक्षक, आंगनवाड़ी सुपरवाईजर को पाबंद किया गया तथा आयुष्मान कार्ड बनाने की संपूर्ण कार्रवाई हेतु स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

वार्डवार गठित दलों को निगम आयुक्त श्री झारिया ने निर्देशित किया है कि रतलाम नगर में युद्ध स्तर पर पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाए जाना है। इस हेतु हितग्राही से किसी भी प्रकार का शुल्क नहीं लिया जाए, पात्र हितग्राहियों और उनके परिवार सदस्यों का पंजीयन किए जाने हेतु आधार कार्ड व समग्र आईडी दस्तावेज के रूप में लिए जाएं।

# कोरोना से दिवंगत हुए अपनों को मौन रख दें श्रद्धांजलि

## नईदुनिया के आयोजन से जुड़ें और कोरोना से संघर्ष कर रहे मरीजों के स्वस्थ होने की कामना भी करें

**नईदुनिया**
**सर्व धर्म प्रार्थना**
दिवंगतों को श्रद्धांजलि और कोरोना पीड़ितों की स्वास्थ्य कामना

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। कोरोना से कई परिवार बेसहारा हो गए। बच्चों के माता-पिता छिन गए और बुजुर्गों के बुढ़ापे का सहारा चले गए। डाक्टर, समाजसेवी, पुलिस कर्मी सहित कई अपने कर्तव्य का पालन करते हुए कोरोना की चपेट में आए। वर्तमान में इस बीमारी से संघर्ष कर रहे मरीजों के स्वस्थ होने और दिवंगतों को श्रद्धांजलि देने के लिए नईदुनिया 14 मार्च की सुबह 11 बजे सर्व धर्म प्रार्थना का आयोजन कर रहा है। इसमें आप सभी जहां कहीं भी हों, वहां से व्यक्तिगत रुप से दो मिनट मौन धारणकर सम्मिलित हो सकते हैं। आप सब मंगल कामना करें।



● नईदुनिया ने एक पहल की है। कोरोना संक्रमण में कई लोगों ने अपनों को खोया है। यह प्रार्थना सभा मृतकों के परिवार को संबल प्रदान करेगी। मैं स्वयं भी इसमें भाग लूंगा और जिलेवासियों से भी अपील करता हूं कि वे भी दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दें। मानवीय समाज में यह संवेदना जगाने का काम है।

- चैतन्य काश्यप, विधायक रतलाम शहर



● कोरोना काल सभी के लिए पीड़ादायक रहा। नईदुनिया ने मानवीय सरोकार को लेकर पहल की है। यह समय परस्पर सदभाव, सहयोग का है। सभी मिलकर प्रार्थना करें, सहयोग का संकल्प लें।

-डा. राजेंद्र पांडेय, जावरा विधायक

● कोरोना महामारी में अपनों को खोने का दर्द सबसे बड़ा है। हम सब मिलकर नईदुनिया के माध्यम से आयोजित



सर्वधर्म प्रार्थना सभा में शामिल होकर मृतकों को श्रद्धांजलि देकर अपनी सामाजिक जिम्मेदारी को निभाएं।

- हर्षविजय गेहलोत, विधायक सैलाना



● कोरोना महामारी में हमने अपनों को खोया है। दिवंगतों को श्रद्धांजलि देने उन्हें याद करने के साथ ही हम यह भी संकल्प लें, कि ऐसा तंत्र विकसित करेंगे जिससे भविष्य में ऐसी महामारी से कम से कम नुकसान हो।

- कुमार पुरुषोत्तम, कलेक्टर



● कोरोना संक्रमण से मृत व्यक्तियों व उपचाररत संक्रमितों के लिए सर्वधर्म प्रार्थना सभा में सभी भाग लें। जो जहां है वहीं से प्रार्थना करें। नईदुनिया की इस पहल में समाज का हर वर्ग सहभागिता कर संकट के समय में एकजुट होने का संदेश दें।

- गौरव तिवारी, एसपी



● नईदुनिया की पहल सराहनीय है। कोरोना महामारी में कई लोगों ने अपनों को खोया है। इसमें हमारे कई डाक्टर भी शामिल हैं। इस महामारी में अपनी जान गंवाने वाले सभी योद्धाओं को श्रद्धांजलि देने का अवसर मिला है। दो मिनट का मौन रखकर दिवंगतों को याद करें।

- डा. जितेंद्र गुप्ता, डीन मेडिकल कालेज



● नईदुनिया ने अच्छा प्रयास किया है। कोरोना महामारी में कई लोगों की जान चली गई, और अभी भी कई लोग बीमारी से जूझ रहे हैं। इसमें डाक्टर, पुलिस, समाजसेवी व आम लोग शामिल हैं। इस महामारी में जिनकी जान चली गई उन योद्धाओं को श्रद्धांजलि देने और जो बीमार हैं उनके स्वस्थ्य होने के लिए कामना का अवसर मिला है। मौन रखकर दिवंगतों याद करें।

-डा. आनंद चंदेलकर
सिविल सर्जन जिला अस्पताल



● कोरोना से पीड़ितों का संबल बढ़ाने के लिए नईदुनिया का यह प्रयास सराहनीय है। कोरोना से दिवंगत योद्धाओं को श्रद्धांजलि देने के लिए दो मिनट का मौन रखकर याद करें। यह प्रार्थना सभा कोरोना पीड़ित परिवारों को संबल देने का काम करेगी। सभी लोग दो मिनट का समय निकाले और इस पुनीत कार्य में सहभागी बनें।

- डा. योगेश नीखरा
जिला टीबी रोग प्रभारी



● कोरोना महामारी से मृत आत्माओं की शांति के लिए नईदुनिया की प्रार्थना सभा एक सराहनीय पहल है। इसमें शामिल होकर हर कोई दिवंगतों को श्रद्धांजलि दें। यह अवसर नईदुनिया के माध्यम से मिला है, जिसमें सहभागी बनें। हम यह भी कामना करें कि जो इस महामारी से पीड़ित है, वे जल्दी स्वस्थ्य हों। दो मिनट का समय निकालकर प्रार्थना सभा मेंह शामिल हों।

-डा. प्रभाकर ननावरे, जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी



● कोरोना महामारी मानवता के लिए बड़ा संकट बन कर आई है, जिसमें हमारे कई अपने चपेट में आए। कई लोगों की जान चली गई, जिन्हें याद कर श्रद्धांजलि दें और प्रार्थना सभा में सहभागी बनें। दो मिनट का समय निकाल श्रद्धांजलि दें। जो अभी भी इस बीमारी की चपेट में हैं, उनके स्वस्थ्य होने की कामना करें। - डा. प्रमोद प्रजापति, जिला मलेरिया अधिकारी

# टीकाकरण में हर निकाय अपने बेहतर कार्य क्षमता दिखाएं

रतलाम > कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम ने कहा कि टीकाकरण अभियान के अंतर्गत पूरे प्रदेश भर में सर्वश्रेष्ठ कार्य करने वाले प्रत्येक निकाय को श्रेष्ठ मूल्यांकन के आधार पर चयनित किया जाएगा। उन्होंने रतलाम जिले के समस्त एसडीएम, सीईओ, जनपद, नगरीय निकाय के अधिकारियों से कहा है कि वे पूर्ण वैक्सीनेशन के साथ इस कार्य में नवाचार कर प्रदेश में अव्वल आने के लक्ष्य की पूर्ति करें। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत, नगर पालिका, नगर निगम एवं जिला स्तर पर श्रेष्ठ कार्यों एवं टीकाकरण के लिए नवाचार के आधार पर हमें रतलाम को अव्वल लाना है। रतलाम जिले का प्रत्येक निकाय हर वर्ग में अव्वल आए स लक्ष्य को लेकर हमें कार्य करना है। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने कहा कि जो लोग वैक्सीनेशन में अभी छूटे हैं उनका पूर्ण डाटा एकत्रित करें, उन लोगों से संपर्क करें। उन्होंने सभी अनुविभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि इस संबंध में सभी अपना एक प्रेजेंटेशन बनाएं और सोमवार को बताएं कि वे इस योजना पर किस तरह कार्य करेंगे। श्री पुरुषोत्तम ने कहा कि हर ग्राम पंचायत में जनजागरण का वातावरण बनाए। साथ ही अभी देश के कई हिस्सों में कोरोना संक्रमण समाप्त नहीं हुआ है इसलिए कोई भी व्यक्ति अगर हॉटस्पॉट क्षेत्रों से आपके क्षेत्रों में आता है तो उसकी जानकारी रखने तथा ऐसे व्यक्ति को क्वॉरंटाइन करने संबंधी योजना भी बनाएं ताकि जिले के प्रत्येक नागरिक को संक्रमण से सुरक्षा उपलब्ध हो सके। उन्होंने बैठक में निर्देश दिए कि सभी निकाय आयुष्मान कार्ड को लक्ष्य बनाकर प्राथमिकता के आधार पर कार्य करें।

# टीकाकरण में हर निकाय अपने बेहतर कार्य क्षमता दिखाएं

रतलाम। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने कहा ... अभी छूटे हैं उनका पूर्ण डाटा एकत्रित करें, उन

# मेडिकल कॉलेज के बाद रेलवे अस्पताल भी ऑक्सीजन के मामले में आत्मनिर्भर

## चेतन्य काश्यप फाउंडेशन ने रेलवे अस्पताल में लगवाया ऑक्सीजन प्लांट

भास्कर संवाददाता | रतलाम

मेडिकल कॉलेज के बाद शहर का रेलवे अस्पताल ऑक्सीजन के मामले में आत्मनिर्भर हो गया है। चेतन्य काश्यप फाउंडेशन द्वारा रेलवे अस्पताल में पीएसए ऑक्सीजन प्लांट लगवाया है। शनिवार को शुरुआत हो गई। 17 लाख की लागत से यह प्लांट बदनावर की कंपनी के इंजीनियरों ने ही तैयार किया है।

शनिवार को ऑक्सीजन प्लांट का फाउंडेशन अध्यक्ष व शहर विधायक चेतन्य काश्यप ने शुभारंभ किया। उन्होंने कहा यह प्लांट बदनावर में उनके संस्थान काश्यप स्वीटनर्स लिमिटेड के इंजीनियरों की टीम ने तैयार किया है। रेलवे का मंडल चिकित्सालय रतलाम में जिला अस्पताल के बाद प्रमुख अस्पताल है। पीएसए ऑक्सीजन प्लांट की स्थापना के बाद रेलवे अस्पताल भी ऑक्सीजन के प्रबंधन में आत्मनिर्भर होगा। काश्यप ने कहा कि सेव और सोने के अलावा रतलाम को रेलवे और जंक्शन के कारण भी पहचाना जाता है। रतलाम के विकास में रेलवे का काफी योगदान रहा है। कोरोना काल में 15 से 30 अप्रैल के दौरान जब रतलाम ही नहीं पूरे प्रदेश और देश में ऑक्सीजन का संकट आया था तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस क्षेत्र में आत्मनिर्भर होने का आह्वान किया था। चेतन्य काश्यप फाउंडेशन ने 17 अप्रैल को रतलाम मेडिकल कॉलेज में 1.02 करोड़ रुपए की लागत वाला पीएसए ऑक्सीजन प्लांट स्थापित करने की घोषणा की थी। इसके बाद प्लांट से मेडिकल कॉलेज ऑक्सीजन प्रबंधन में आत्मनिर्भर हो चुका है।

### 17 लाख रुपए से बनकर तैयार हुआ प्लांट



ऑक्सीजन प्लांट की शुरुआत करते हुए शहर विधायक चेतन्य काश्यप।

### ऑक्सीजन कंसन्ट्रेटर तात्कालिक व्यवस्था थी

काश्यप ने कहा उनके फाउंडेशन ने प्राणवायु संबल अभियान के माध्यम से 150 ऑक्सीजन कंसन्ट्रेटर आयात किए थे। काश्यप ने बताया 10 साल पहले उन्होंने रेल संगठनों को मंडल चिकित्सालय को अपग्रेड कर मेडिकल कॉलेज में परिवर्तित करने का सुझाव दिया था। मेडिकल कॉलेज और इंजीनियरिंग कॉलेज रेलवे की प्राथमिक आवश्यकता है। इनके माध्यम से रेल कर्मचारी के परिवार को प्राथमिकता देकर लाभान्वित किया जा सकता है। रतलाम में रेलवे के साथ जिला और अस्पताल प्रशासन के बीच कोरोना काल में काफी अच्छा तालमेल रहा है। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम व मंडल रेल प्रबंधक विनीत गुप्ता ने अपनी बात कही। स्वागत भाषण अधीक्षक डॉ. एके मालवीय ने दिया। भाजपा जिलाध्यक्ष राजेंद्रसिंह लुनेरा, एसपी गौरव तिवारी सहित अन्य मौजूद थे।

# रेलवे चिकित्सालय में आक्सीजन प्लांट का शुभारंभ

उधर मंडल रेलवे चिकित्सालय में चेतन्य काश्यप फाउंडेशन द्वारा प्रदत्त आक्सीजन प्लांट का शहर विधायक व फाउंडेशन अध्यक्ष चेतन्य काश्यप द्वारा उद्घाटन किया गया। कोरोना संक्रमण काल में गंभीर मरीजों के लिए आक्सीजन की आवश्यकता व होने वाली परेशानी को ध्यान में रखते हुए मरीजों को आक्सीजन की यथाशीघ्र आपूर्ति के लिए रेलवे की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए काश्यप फाउंडेशन ने सीएसआर के अंतर्गत काफी कम समय में मंडल चिकित्सालय में काश्यप स्वीटनर्स लिमिटेड द्वारा निर्मित लगभग 17 लाख की लागत का आक्सीजन प्लांट लगाया।

इस दौरान मंडल रेल प्रबंधक विनीत गुप्ता, कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, एसपी गौरव तिवारी, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. एके मालवीय, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेंद्रसिंह लुनेरा सहित मंडल के अन्य अधिकारी, रेलवे चिकित्सालय के डाक्टर आदि उपस्थित रहे। इस आक्सीजन प्लांट की 150 लीटर/मिनट आक्सीजन उत्पादन की क्षमता है। इससे आक्सीजन से मंडल चिकित्सालय के 20 बेडों पर एक साथ आक्सीजन उपलब्ध करवाया जा सकता है। मंडल चिकित्सालय में इसके लिए अलग-अलग वार्डों में 20 बेड पर पाइप लाइन की व्यवस्था की गई है।

मंडल रेलवे चिकित्सालय में आक्सीजन प्लांट आरंभ होने से चिकित्सालय में एक विशेष सुविधा उपलब्ध हो गई है। इससे मरीजों को आक्सीजन की उपलब्धता तो सुनिश्चित होगी ही चिकित्सालयकर्मियों को भी आक्सीजन के लिए होने वाली भागदौड़ से मुक्ति मिलेगी। संचालन डा. आशुतोष अवस्थी ने किया।



रेलवे अस्पताल में फीता काटकर आक्सीजन प्लांट का उद्घाटन करते हुए विधायक चेतन्य काश्यप। ● नईदुनिया

# आपदा प्रबंधन हेतु निगम आयुक्त ने सौंपी जिम्मेदारी

**रतलाम ● स्वदेश समाचार** 13-6-21

अतिवृष्टि के दौरान उत्पन्न होने वाली संभावित परिस्थितियों से निपटने एवं आपदा प्रबंधन के लिए निगम स्तर पर की जाने वाली व्यवस्थाओं के संबंध में निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने निगम मे विभिन्न विभागों के अधिकारियों तथा कर्मचारियों को पाबंद किया है।

निगम आयुक्त श्री झारिया द्वारा दिए गए निर्देशों के तहत जीर्ण-शीर्ण भवनों को वर्षाऋतु के पूर्व नोटिस देकर खतरनाक भवनों को चिन्हित किया जाकर भवन स्वामी को नोटिस दिए जाने तथा क्षतिग्रस्त पुलियाओं को चिन्हित कर रेडियम लगाने के निर्देश के साथ जल प्लावन रोकने तथा पानी के बहाव में अवरोध उत्पन्न करने वाले नाला एवं नालियों के अतिक्रमण चिन्हित कर हटाए जाने तथा शहर के

## निगम में नियंत्रण कक्ष की स्थापना

नाले-नालियों एवं वाल के चेम्बरों पर लगे ढक्कन व फर्शी इत्यादि खुली न रहे इसकी व्यवस्था किए जाने की जिम्मेदारी लोक निर्माण विभाग एवं कर्मशाला विभाग को सौंपी है। अतिवृष्टि हेतु 8 आश्रय स्थल बनाए गए है, जिसकी जिम्मेदारी उपयंत्री विकास मरकम को दी। निगम आयुक्त श्री झारिया ने आपदा प्रबंधन एवं राहत कार्य के लिए नियंत्रण कक्ष जिसका दूरभाष नम्बर 07412-270563 स्थापित कर उपयंत्रियों एवं सहायक कर्मचारियों की ड्यूटी लगाए जाने के निर्देश दिए। इसके अलावा नाले-नालियों की सफाई, वर्षा के जल को बड़े नालों में मिलाना, वर्षा का पानी एक स्थान पर एकत्रित होने पर कच्चे नाले-नालियों का निर्माण करना, तैराक की व्यवस्था करने सहित निगम के अन्य वाहनों को कार्यशील अवस्था में रखने के निर्देश संबंधितों को दिए।

# आपदा प्रबंधन हेतु निगमायुक्त ने सौंपी जिम्मेदारी,निगम में बना नियंत्रण कक्ष

रतलाम। अति वृष्टि के दौरान उत्पन्न होने वाली संभावित परिस्थितियों से निपटने एवं आपदा प्रबंधन के लिए निगम स्तर पर की जाने वाली व्यवस्थाओं के संबंध में निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने निगम में विभिन्न विभागों के अधिकारियों तथा कर्मचारियों को पाबंद किया है।

निगमायुक्त के दिये गये निर्देशों के तहत् जीर्ण-शीर्ण भवनों को वर्षा ऋतु के पूर्व नोटिस देकर खतरनाक भवनों को चिन्हित किया जाकर भवन स्वामी को नोटिस दिये जाने तथा क्षतिग्रस्त पुलियाओं को चिन्हित कर रेडियम लगाने के निर्देश के साथ जल प्लावन रोकने तथा पानी के बहाव में अवरोध उत्पन्न करने वाले नाला एवं नालियों के अतिक्रमण चिन्हित कर हटाये जाने तथा शहर के नाले नालियों एवं वाल के चेम्बरों पर लगे ढक्कन व फर्शी इत्यादि खुली न रहे इसकी व्यवस्था किये जाने की जिम्मेदारी लोक निर्माण विभाग एवं कर्मशाला विभाग को सौंपी है।अति वृष्टि हेतु 8 आश्रय स्थल बनाये गये है जिसके तहत् गांधीनगर कम्युनिटी हॉल, ईश्वर नगर विद्यालय भवन, शैरानीपुरा जमातखाना; अम्बेडकर मांगलिक भवन पोलोग्राउण्ड, अलकापुरी कम्युनिटी हॉल, धीरजशाह नगर रॉयल हॉल, भवन निर्माण कला केन्द्र बिरियाखेड़ी तथा श्री जैन उ.मा.विद्यालय सागोद रोड है। आश्रय स्थलों के व्यवस्था की जिम्मेदारी उपयंत्री श्री विकास मरकाम उपयंत्री को सौंपी गई है। जो नियुक्त किये गये कर्मचारियों के सहयोग से समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करेंगें। आपदा प्रबंधन के उपयोग मे आने वाली आवश्यक सामग्री एवं संसाधनों का आंकलन कर उसके भण्डारण की जिम्मेदारी भण्डार रक्षक को सौंपी है साथ ही वर्षा ऋतु में शुद्ध जल की उपलब्धता एवं वितरण के लिये आवश्यक रसायनों की व्यवस्था एवं उपलब्धता तथा पानी निकालने के लिये पम्प आदि की व्यवस्था किये जाने की जिम्मेदारी प्रभारी कार्यपालन यंत्री जलप्रदाय को सौंपी है।

अग्निपथ 13-6-21

10

# होम आईसोलेशन मरीजों को मेडिसिन किट का वितरण

रतलाम। कोविड-19 संक्रमण में होम आईसोलेशन के मरीजो को मेडिसिन किट व स्वास्थ्य विभाग के निर्देशों की प्रति की होम डिलेवरी किये जाने हेतु निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा वार्ड वार गठित दलों द्वारा मरीजो के घर जाकर मेडिकल किट प्रदान की। 13-6-21

ई-दक्ष केन्द्र रतलाम से 11 जून को होम आईसोलेशन के मरीजो की सूची स्वास्थ्य अधिकारी श्री ए.पी. सिंह ने प्राप्त कर जिला अस्पताल के स्टोर से 4 मेडिसिन किट प्राप्त कर निगम के अग्निशमन विभाग में उपलब्ध कराई जिन्हे अग्निशमन विभाग से वार्ड वार गठित दलो वितरण हेतु उपलब्ध कराई गई।

वार्ड वार गठित दलो द्वारा होम आईसोलेशन के मरीजो के घर-घर जाकर मेडिकल किट का वितरण किया गया जिसके तहत सूची अनुसार 3 मरीजो को मेडिकल किट का वितरण घर पर किया गया व एक मरीज को पूर्व से ही मेडिसीन किट प्राप्त हो चुकी थी तथा 7 मेडिसीन किट मरीज के परिजनों को प्रदान की गई।

# होम आईसोलेशन मरीजों को मेडिसिन किट का वितरण

रतलाम। कोविड-19 संक्रमण में होम आईसोलेशन के मरीजो को मेडिसिन किट व स्वास्थ्य विभाग के निर्देशों की प्रति की होम डिलेवरी किये जाने हेतु निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा वार्ड वार गठित दलों द्वारा मरीजो के घर जाकर मेडिकल किट प्रदान की। ई-दक्ष केन्द्र रतलाम से 11 जून को होम आईसोलेशन के मरीजो की सूची स्वास्थ्य अधिकारी श्री ए.पी. सिंह ने प्राप्त कर जिला अस्पताल के स्टोर से 4 मेडिसिन किट प्राप्त कर निगम के अग्निशमन विभाग में उपलब्ध कराई जिन्हे अग्निशमन विभाग से वार्ड वार गठित दलो वितरण हेतु उपलब्ध कराई गई। वार्ड वार गठित दलो द्वारा होम आईसोलेशन के मरीजो के घर-घर जाकर मेडिकल किट का वितरण किया गया जिसके तहत सूची अनुसार 3 मरीजो को मेडिकल किट का वितरण घर पर किया गया व एक मरीज को पूर्व से ही मेडिसीन किट प्राप्त हो चुकी थी तथा 7 मेडिसीन किट मरीज के परिजनों को प्रदान की गई।

# राहत: नौ दिन में एक भी मौत नहीं

## लगातार घट रही नए संक्रमितों की संख्या और स्वस्थ होने वालों के आंकड़े में वृद्धि

रतलाम। जिले में कोरोना संक्रमण की दूसरी खतरनाक लहर धीरे-धीरे काबू में आती जा रही है। बीते नौ दिनों से मौत का सिलसिला थमा हुआ है। नए पाजिटिव केस की संख्या में भी लगातार कमी आ रही है और स्वस्थ होने वालों की संख्या में वृद्धि हो रही है। एक्टिव केस की संख्या भी घटकर 300 के अंदर आ गई है। उधर, अनलाक में धीरे-धीरे आर्थिक गतिविधियां भी रफ्तार पकड़ रही हैं। शासन-प्रशासन द्वारा लगातार समीक्षा कर अनलाक में भी लागू बंदिशों में धीरे-धीरे ढील दी जा रही है। इससे जिलेवासी राहत महसूस कर रहे हैं।

जून माह की शुरुआत से जिले में नए संक्रमितों की संख्या में तेजी से कमी आई है। अप्रैल-मई में जहां प्रतिदिन मिलने वाले नए संक्रमितों का आंकड़ा 300 के पार और 400 के करीब पहुंच गया था, वहीं अब नए संक्रमितों की संख्या एक अंक पर आ गई है। अनलाक में बाजार में भी रौनक बढ़ने लगी है। ज्यादातर लोग कोविड-19 नियमों का सख्ती से पालन कर रहे हैं, लेकिन कुछ लोग अभी भी बेपरवाह बने हुए हैं। बाजार में कुछ लोग बिना मास्क पहने घूमते नजर आ रहे हैं, वहीं दुकानों पर भी शारीरिक दूरी के नियम का पालन नहीं हो रहा है। ऐसे में फिर से संक्रमण फैलने का खतरा बना हुआ है। हालांकि पुलिस व प्रशासन के अमले द्वारा लगातार भ्रमण कर नजर रखी जा रही है और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर चालानी कार्रवाई की जा रही है। जून के 11 दिनों में 138 नए पाजिटिव केस सामने आए हैं, वहीं 606 मरीजों को स्वस्थ होने पर डिस्चार्ज किया गया है।


### 12वें दिन चार नए पाजिटिव

जिले में जून के 12वें दिन शनिवार को चार नए पाजिटिव केस सामने आए। 49 मरीजों को स्वस्थ होने पर डिस्चार्ज किया गया। नौ दिन बाद एक मौत भी हुई। अब एक्टिव मरीजों की संख्या 234 है। जिले में अब तक 17445 पाजिटिव केस सामने आ चुके हैं, वहीं 16902 मरीजों को स्वस्थ होने पर डिस्चार्ज किया जा चुका है। मौत का कुल आंकड़ा 309 है।

### जून में कोरोना की चाल पर नजर

| तारीख | मरीज मिले | स्वस्थ हुए | मौत |
|---|---|---|---|
| 01 जून | 19 | 96 | 2 |
| 02 | 16 | 123 | 1 |
| 03 | 14 | 91 | 0 |
| 04 | 12 | 58 | 0 |
| 05 | 16 | 62 | 0 |
| 06 | 15 | 40 | 0 |
| 07 | 13 | 36 | 0 |
| 08 | 11 | 24 | 0 |
| 09 | 06 | 28 | 0 |
| 10 | 07 | 34 | 0 |
| 11 | 09 | 12 | 0 |






कोरोना की दूसरी लहर काफी घातक रही है। इसमें जिसने सावधानी रखी है, वही सुरक्षित रह पाया है। अभी भी इस संक्रमण से बचना है तो मास्क और शारीरिक दूरी के नियम का पालन करना होगा। अपनी बारी आने पर टीका जरूर लगवाएं।



**–अनिल देसरला**, कपड़ा व्यापारी, आलोट

मास्क और वैक्सीन ही कोरोना संक्रमण को रोकने का विकल्प है। अफवाहों पर ध्यान न देकर संक्रमण को रोकने के लिए वैक्सीन जरूर लगवाएं और मास्क व शारीरिक दूरी का पालन करें, ताकि इस संक्रमण से अपने तथा परिवार को बचाया जा सके।



**– लुकमान मेव**, अभिभावक, आलोट

शासन को टीकाकरण केंद्र पर नियमित वैक्सीनेशन कार्य करना चाहिए। इससे अधिक से अधिक लोग टीकाकरण केंद्र पहुंचकर टीका लगवा सकें। वर्तमान में टीकाकरण की रफ्तार थमी है। टीके के बाद भी नियमों का पालन जरूरी है। **– हेमेंद्र गोयल**, अभिभावक, आलोट



### मेडिकल कालेज में 507 बेड खाली



शासकीय मेडिकल कालेज हास्पिटल से शनिवार को 11 मरीज स्वस्थ होकर अपने घर लौटे। डिस्चार्ज होते समय इन लोगों ने कोविड के नियमों का पालन करने तथा स्वजनों को भी सभी नियमों का पालन कराने का संकल्प लिया। डीन डा. जितेंद्र गुप्ता ने बताया कि नौ नए मरीज भर्ती हुए। मेडिकल कालेज हास्पिटल में कुल बिस्तरों की संख्या 550 है। आइसीयू बेड 56 में से 21 पर पेशेंट है। एचडीयू में 172 बेड में 11 पर पेशेंट है। आक्सीजन बेड 180 में सात पर पेशेंट है। नान आक्सीजन बेड 142 में से चार पर पेशेंट भर्ती है। कुल 43 पेशेंट हास्पिटल में भर्ती है। इनमें 22 पाजिटिव तथा शेष सस्पेक्टेड या आक्सीजन लेवल वाले हैं। हास्पिटल में रिक्त बेड 507 है। रेमडेसिविर की स्थिति अनुसार अब तक टोटल रिसीव्ड 7580, डिस्ट्रीब्यूटेड 1557, कन्ज्यूम्ड 5943, करंट स्टाक 80 है।

7

## कलेक्टर से लेकर आयुक्त के निर्देश हवा

# ऊकाला फोरलेन कार्य बंद



रतलाम. स्मार्ट सिटी योजना अंतर्गत मंजूर हुआ उकाला रोड सीसी फोरलेन का कार्य कई माह से बंद पड़ा है। निर्माण के दौरान बंद रहने से करीब 15 हजार लोग प्रभावित हो रहे है।

क्षेत्र में सड़क निर्माण कार्य की शुरुआत डेढ़ वर्ष पूर्व हुई थी। रहवासियों के अनुसार आवागमन करने वाले लोगों के साथ दुर्घटना की आशंका बनी रहती है, वाहनों के टायर पंचर हो जाते है। इसी क्षेत्र में प्रसिद्ध खड़े गणपति का भी मंदिर है। करीब से ही मुख्य फोरलेन निकल रहा है, इस मार्ग का उपयोग करके बड़ी संख्या में ग्रामीण आना जाना करते है, करीब 15 हजार लोगों को मार्ग के अधूरे रहने से परेशानी हो रही है। पूर्व में क्षेत्र के रहवासियों ने यहां पर चक्काजाम भी किया था, लेकिन तमाम आश्वासन के बाद भी अब तक यहां पर काम अधूरा है व अब बंद हो गया है।

### नोटिस जारी किया है

सीसी रोड निर्माण के लिए पूर्व में निर्माण ऐजेंसी को नोटिस जारी किया था। शीघ्र ही कार्य को जल्दी पूरा कराने का प्रयास रहेगा। - **सोमनाथ झारिया**, आयुक्त नगर निगम

# खुदी हुई उकाला रोड से रहवासी परेशानी

## बारिश में निकलना हो जाएगा दूभर

दबंग रिपोर्टर
■ रतलाम

13-6-21



उकाला रोड पर खुदाई के बाद बंद पड़े हुए कार्य से परेशान लोगों ने सड़क निर्माण बारिश के पूर्व करवाने की मांग की। रहवासी भरत शर्मा ने बताया कि निगम आयुक्त से लेकर कलेक्टर और विधायक तक को इस मामले से कई बार अवगत करा चुके है किंतु बार बार सिर्फ अधिकारियों का एक ही जवाब सिर्फ आश्वासन। रहवासियों का कहना है की रोड बनाना ही नही था तो कार्य शुरू करके बंद क्यों कर रखा है। कार्य बंद होने से रोड खराब की वजह से और समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। आवागमन करने वाले लोगों के साथ दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है, वाहनों के टायर पंचर हो जाते है। उकाला रोड के रहवासियों को प्रतिदिन खराब एवं धूल भरी सड़क से गुजरने को मजबूर होना पड़ रहा है जो बारिश में और परेशानी देगा।

यह मार्ग बनने से शहर के अन्य मार्ग से जाने वाली सड़कों पर बोझ कम होगा। रोड बनाने के लिए रहवासियों के द्वारा बार बार आंदोलन एवं रोड पर चक्काजाम किया गया है।

### 1345 हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाए

रतलाम। आयुष्मान भारत 'निरामयम' योजना अंतर्गत शहर के पात्र हितग्राहियों के निशुल्क आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य नगर निगम द्वारा किया जा रहा है। 15 जून तक वार्डों के कामन सर्विस सेंटरों पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशन में वार्ड वार नियुक्त अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा आयुष्मान कार्ड बनाए जाएंगे। अब तक 1345 हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके है।

## ऊंकाला रोड पर फोरलेन का निर्माण बंद



रतलाम | ऊंकाला रोड पर सीसी फोरलेन का निर्माण कार्य कई महिनों से बंद है। क्षेत्रवासी भरत शर्मा व अन्य ने बताया पूर्व में कई बार कलेक्टर, निगमायुक्त, विधायक को अवगत करवा दिया, लेकिन अभी तक रोड निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ। आधी अधूरी रोड बनने से दुर्घटनाओं की आंशका के साथ आने वाले बारिश के दिनों में परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।

नईदुनिया | 7
इंदौर, रविवार 13 जून, 2021

# अनुकंपा नियुक्ति योजना में खामियां, नहीं मिल सकेगी नौकरी

भोपाल (नप्र)। राज्य कर्मचारी आयोग के पूर्व सदस्य वीरेंद्र खोंगल ने 'मुख्यमंत्री कोविड-19 अनुकंपा नियुक्ति योजना' में चार बड़ी खामियां गिनाई है। साथ में कहा, इन्हें दूर नहीं किया गया तो प्रभावितों को अनुकंपा नियुक्तिका लाभ नहीं मिल सकेगा।

खोंगल का आरोप है कि योजना में कहा गया है संबंधित कर्मचारी की मौत संक्रमण से हुई हो, इसके दस्तावेज होने चाहिए। इलाज के दौरान मौत भी साबित होनी चाहिए। कर्मचारी की रिपोर्ट पाजिटिव होनी चाहिए। ये शर्तें कोविड-19 से दिवंगत 80 फीसद कर्मचारियों के मामलों के खिलाफ है। बहुत से कर्मचारियों की मौत संक्रमण से हुई है, लेकिन उनके पास रिपोर्ट नहीं है। जिनके पास रिपोर्ट है, उनमें से कई की मौत इलाज के दौरान ना होकर घर पर हुई है। यह भी शर्त है कि आरक्षण नियमों का पालन किया जाएगा। अनुकंपा नियुक्ति का लाभ देना है और उसमें आरक्षण नियमों का पालन किया तो कुछ मृतक कर्मचारियों के स्वजनों को लाभ नहीं मिलेगा। योजना में कहा गया है उस मृतक कर्मचारी के पीड़ित स्वजन को इस योजना में शामिल नहीं किया जाएगा, जिसके परिवार के सदस्य निगम, मंडल या बोर्ड में ड्यूटी कर रहे हैं, जो कि गलत है।

# धर्म संसद से लेकर जारी महारुद्र यज्ञ का साक्षी है बरगद का पेड़



**रतलाम.** नगर के अंतिम छोर त्रिवेणी तट पर 300 साल पुराना बरगद का पेड़ नगर में आयोजित धर्मसंसद सहित कई धार्मिक अवसरों का साक्षी रहा है। यहां पर स्थित तीन कुंड के कारण इस स्थान का नाम त्रिवेणी पड़ा है। राधाकृष्ण मंदिर, गंगा माता मंदिर, नवग्रह मंदिर व गणेश मंदिर स्थित हैं। पौष माह में सनातन धर्म सभा महारुद्र समिति महारुद्र यज्ञ करती है। यहां पर चारों शंकराचार्य के साथ ही रामचंद्र डोंगरे महाराज व द्वियानंद तीर्थ जैसे कई संतों ने भागवत ज्ञान का रसपान कराया है। वर्ष 1983 में रामचंद्र डोंगरे महाराज ने 18 दिवसीय भागवत कथा का आयोजन किया था। इसके समापन पर अन्नक्षेत्र की शुरुआत की थी। यह अन्नक्षेत्र ब्रदीनारायण सेवा ट्रस्ट के माध्यम चल रहा है। 1960 में जगद्गुरु शंकराचार्य की प्रतिमा की स्थापना की गई, 1970 में पेड़ के नीचे भगवान शंकर की प्रतिमा स्थापित हुई थी।

## बरगद के पेड़ की गुहार

हे मानव, धार्मिक आस्था के चलते मैं अभी तक जीवत रहकर कई आयोजनों, घटनाओं का साक्षी हूं। मेरे और भी भाई जहां धार्मिक आस्था बनी हुई है। वहां पर बचे हुए है। लेकिन वर्तमान परिवेश में मेरे कई साथी शहर विकास, चौड़ीकरण या अन्य कारणों शहर के विभिन्न क्षेत्रों में कट कर अपना अस्तित्व खो चुके हैं। अतः आप शहर को सुंदर बनाने, पर्यावरण को शुद्ध करने के लिए पेड़ों को कटने से बचाए, नहीं तो एक दिन आपका शहर भी रेगिस्तान बन जाएगा।

पत्रिका 12-6-21

# मलेरिया पॉजिटिव के घर के 400 मीटर में होगा रेपिड फीवर सर्वे



बैठक में जानकारी देते हुए अधिकारी।

भास्कर संवाददाता | रतलाम

यदि कोई मलेरिया पॉजिटिव मरीज मिलता है, तो उसके घर के 400 मीटर एरिया में रेपिड फीवर सर्वे किया जाएगा। ऐसा इसलिए होगा ताकि आसपास भी कोई मरीज ना हो, इसका पता चल सके। राज्य कार्यक्रम अधिकारी डॉ. हिमांशु जायसवाल ने शनिवार को जिला प्रशिक्षण केंद्र बिरियाखेड़ी में राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा की।

डॉ. प्रमोद प्रजापति ने बताया पिछले सालों की तुलना में जिले में मलेरिया के मामलों में कमी आई है। डॉ. जायसवाल ने कहा मौसम परिवर्तन के दौरान वाहक जनित रोगों के बढ़ने की आशंका रहती है। प्रत्येक मरीज के बुखार की जांच की जाए, एक्टिव और पेसिव दोनों प्रकार के सर्विलेंस पर ध्यान देना चाहिए। संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान कर सभी पूर्व तैयारियां करें। रेपिड डायग्नोस्टिक किट के माध्यम से आशा कार्यकर्ताओं को स्लाइड बनाने का पूरा प्रशिक्षण दें। आउटब्रेक होने की स्थिति से बचाव के लिए सूचना तंत्र मजबूत रखें। बैठक में डॉ. जीआर गौड़ ने सभी स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को नियमित क्षेत्र भ्रमण कर बुखार के रोगियों की निगरानी रखने का कहा है। एपेडेमियोलॉजिस्ट डॉ. गौरव बोरीवाल ने आईएचआईपी कार्यक्रम के तहत नियमित रिपोर्टिंग करने का कहा।

# दो तस्वीरें.... जो दिखाती है कि दूसरी लहर भूल गए हम

## सुबह : कहीं ये अस्थायी सब्जी मंडी की भीड़ फिर से ना कोरोना फैला दे



रतलाम | शनिवार सुबह 7 बजे फुटकर सब्जी विक्रेता के साथ शहरवासी त्रिवेणी क्षेत्र में सब्जी खरीदने पहुंच गए। यहां पैर रखने की जगह नहीं बची। लोग सोशल डिस्टेंसिंग तो भूले ही मास्क भी नहीं लगा रखा था।

## शाम : जनता कर्फ्यू के एक दिन पहले खेरादी वास में लग गया जाम



रतलाम | रविवार को जनता कर्फ्यू है। शनिवार को शाम 6 बजे बाजार बंद होने के समय यह स्थिति रही कि बाजारों में बार-बार जाम लगा। खेरादीवास में शाम 6 बजे से लेकर शाम 6.20 तक जाम लगा रहा। 20 मिनट तक लोग जाम में फंसे रहे। यही स्थिति अन्य बाजारों की रही।

# मेंटेनेंस में छंटाई के नाम पर काट दिए पेड़

रतलाम। शहर में अलग-अलग हिस्सों में शासकीय एजेंसियों द्वारा ही मनमानी करते हुए पेड़ काटे जा रहे हैं। पर्यावरण संरक्षण के लिए काम करने वाली संस्थाएं लगातार आपत्ति भी दर्ज करा रही है। अमृत सागर, न्यूरोड पर पर पेड़ काटे जाने के बाद अब जवाहर नगर मुक्तिधाम के समीप भी पेड़ काट दिए गए।

शनिवार को बिजली कंपनी अमले द्वारा जवाहर नगर मुक्तिधाम के समीप हाउसिंग बोर्ड कालोनी क्षेत्र में मेंटेनेंस किया। इस दौरान बिजली तारों के आसपास पेड़ों की टहनियों की कटाई-छंटाई की जाती है, लेकिन यहां कई पेड़ तने से ही काट दिए गए। क्षेत्र के जागरूक नागरिक चेतन मदान ने इस पर आपत्ति लेते हुए बताया कि कई वर्षों से शासकीय भूमि पर पौधारोपण कर पौधों को पेड़ बनने तक के लिए मशक्कत की, लेकिन मेंटेनेंस के नाम पर पेड़ काट दिए। इधर बिजली कंपनी अधिकारियों ने सिर्फ छंटनी करने की ही बात कही।



जवाहर नगर मुक्तिधाम के समीप काटे गए पेड़। • नईदुनिया

# आयुष्मान कार्ड वार्डवार कॉमन सेन्टरों पर निःशुल्क बनाए जा रहे हैं

प्रकाश न्यूज़ * रतलाम

*आयुष्मान भारत 'निरामयम' योजना अन्तर्गत रतलाम नगर के पात्र हितग्राहियों के निःशुल्क आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य नगर निगम द्वारा 5 से 15 जून तक वार्डों के कॉमन सर्विस सेन्टरों पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशन में वार्ड वार नियुक्त अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा किया जा रहा है। कार्ड बनाने का कार्य 5 जून को प्रारंभ किया गया, जिसके तहत 11 जून को 164 कार्ड बनाए गए, इस तरह 7 दिनों में 1233 हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनवाए के हैं।*

## सात दिनों में 1233 हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाये

कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम कुमार पुरूषोत्तम द्वारा आयुष्मान भारत 'निरामयम' योजना अन्तर्गत आयुष्मान कार्ड विशेष अभियान चलाकर योजना अन्तर्गत पात्र परिवारों का आयुष्मान कार्ड समय-सीमा में बनाये जाने हेतु निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

निगम आयुक्त श्री झारिया द्वारा वार्डवार नगर निगम कर्मचारी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, कॉमन सर्विस सेन्टर के प्रोवाईडर के दलों का गठन किया है तथा कार्य के पर्यवेक्षण हेतु निगम के उपयंत्री, उप स्वच्छता पर्यवेक्षक, आंगनवाड़ी सुपरवाईजर, को पाबंद किया गया तथा आयुष्मान कार्ड बनाने की संपूर्ण कार्यवाही हेतु स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

वार्डवार गठित दलों को निगम आयुक्त झारिया ने निर्देशित किया है कि रतलाम नगर में युद्ध स्तर पर पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाये जाना है इस हेतु हितग्राही से किसी भी प्रकार का शुल्क नहीं लिया जावे, पात्र हितग्राहियों और उनके परिवार सदस्यों का पंजीयन किये जाने हेतु आधार कार्ड व समग्र आईडी दस्तावेज के रूप में लिये जावें।

# आयुष्मान कार्ड वार्डवार कॉमन सेन्टरों पर निःशुल्क बनाये जा रहे है

रतलाम। आयुष्मान भारत 'निरामयम' योजना अन्तर्गत रतलाम नगर के पात्र हितग्राहियों के निःशुल्क आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य नगर निगम द्वारा 5 से 15 जून तक वार्डों के कॉमन सर्विस सेन्टरों पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशन में वार्ड वार नियुक्त अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा किया जा रहा है। कार्ड बनाने का कार्य 5 जून को प्रारंभ किया गया जिसके तहत 11 जून को 164 कार्ड बनाये गये इस तरह 7 दिनों में 1233 हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनवाये जा चुके है। कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम कुमार पुरूषोत्तम द्वारा आयुष्मान भारत 'निरामयम' योजना अन्तर्गत आयुष्मान कार्ड विशेष अभियान चलाकर योजना अन्तर्गत पात्र परिवारों का आयुष्मान कार्ड समय-सीमा में बनाये जाने हेतु निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। निगम आयुक्त श्री झारिया द्वारा वार्डवार नगर निगम कर्मचारी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, कॉमन सर्विस सेन्टर के प्रोवाईडर के दलों का गठन किया है तथा कार्य के पर्यवेक्षण हेतु निगम के उपयंत्री, उप स्वच्छता पर्यवेक्षक, आंगनवाड़ी सुपरवाईजर, को पाबंद किया गया तथा आयुष्मान कार्ड बनाने की संपूर्ण कार्यवाही हेतु स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। वार्डवार गठित दलों को निगम आयुक्त झारिया ने निर्देशित किया है कि रतलाम

# चार मवेशियों को गोशाला भेजा

रतलाम। नगर निगम द्वारा सार्वजनिक स्थानों, सड़कों, चौराहों पर स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशियों को पकड़कर गोशालाओं में भेजा जा रहा है। इसके तहत अब तक 941 मवेशियों को पकड़कर जिले की गोशालाओं में भेजा जा चुका है। शनिवार को टाटानगर, बुद्धेश्वर रोड, दीनदयालनगर आदि क्षेत्रों से चार मवेशी निगम के स्वास्थ्य विभाग के अमले द्वारा पकड़े गए।

# आवारा मवेशियों को अब रात में पकड़ेंगे

कार्रवाई

# 5 कर्मचारियों को सेवा से बर्खास्त का सूचना-पत्र जारी

13-6-21

रतलाम @ पत्रिका. गंदगी करने वाले दुकानदार व नागरिकों पर जुर्माना किये जाने हेतु गठित दल के 5 कर्मचारियों द्वारा काम में लापरवाही बरतने पर नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बर्खास्तगी का नोटिस जारी किया है।



निगम के स्वास्थ्य अधिकारी एपीसिंह ने बताया मनोज टांक, पवन झांझोट, आकाश चिन्दे, मनोज झांझोट, राकेश ललावत द्वारा कार्य में लापरवाही बरतने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देश पर एक दिन का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त किये जाने का सूचना पत्र जारी किया है। निगम आयुक्त द्वारा ऐसे दुकानदार एवं नागरिक जो कि कचरे को खुले डालकर नगर को गंदा करते है उन पर रोक लगाने हेतु स्पॉट फाईन दल का गठन किया जाकर उक्त कर्मचारियों को नियुक्त किया गया, किन्तु उक्त कर्मचारियों द्वारा स्पॉट फाईन नहीं किये जाने व सौंपे गये कार्य के प्रति लापरवाही बरतने पर वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त किये जाने का सूचना पत्र जारी किया गया।

# आपदा प्रबंधन हेतु निगम आयुक्त ने सौंपी जिम्मेदारी

प्रकाश न्यूज * रतलाम

13-6-2021

## निगम में नियंत्रण कक्ष की स्थापना



*अति वृष्टि के दौरान उत्पन्न होने वाली संभावित परिस्थितियों से निपटने एवं आपदा प्रबंधन के लिए निगम स्तर पर की जाने वाली व्यवस्थाओं के संबंध में निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने निगम में विभिन्न विभागों के अधिकारियों तथा कर्मचारियों को पाबंद किया है।*

निगम आयुक्त श्री झारिया द्वारा दिए गए निर्देशों के तहत् जीर्ण-शीर्ण भवनों को वर्षा ऋतु के पूर्व नोटिस देकर खतरनाक भवनों को चिन्हित किया जाकर भवन स्वामी को नोटिस दिए जाने तथा क्षतिग्रस्त पुलियाओं को चिन्हित कर रेडियम लगाने के निर्देश के साथ जल प्लावन रोकने तथा पानी के बहाव में अवरोध उत्पन्न करने वाले नाला एवं नालियों के अतिक्रमण चिन्हित कर हटाए जाने तथा शहर के नाले नालियों एवं चाल के चेम्बरों पर लगे ढक्कन व फर्शी इत्यादि खुली न रहे इसकी व्यवस्था किए जाने की जिम्मेदारी लोक निर्माण विभाग एवं कर्मशाला विभाग को सौंपी है।

अतिवृष्टि हेतु 8 आश्रय स्थल बनाए गए हैं, जिसके तहत् गांधी नगर कम्युनिटी हॉल, ईश्वर नगर विद्यालय भवन, शैरानीपुरा जमातखाना, अम्बेडकर मांगलिक भवन पोलोग्राउण्ड, अलकापुरी कम्युनिटी हॉल, पीरजशाह नगर रॉयल हॉल, भवन निर्माण कला केन्द्र बिरियाखेड़ी तथा श्री जैन उ.मा.विद्यालय सागोद रोड है। आश्रय स्थलों के व्यवस्था की जिम्मेदारी उपयंत्री श्री विकास मरकाम उपयंत्री को सौंपी गई है, जो नियुक्त किए गए कर्मचारियों के सहयोग से समुचित व्यवस्था सुनिश्चित् करेंगे।

आपदा प्रबंधन के उपयोग में आने वाली आवश्यक सामग्री एवं संसाधनों का आंकलन कर उसके भण्डारण की जिम्मेदारी भण्डार रक्षक को सौंपी है साथ ही वर्षा ऋतु में शुद्ध जल की उपलब्धता एवं वितरण के लिये आवश्यक रसायनों की व्यवस्था एवं उपलब्धता तथा पानी निकालने के लिए पम्प आदि की व्यवस्था किए जाने की जिम्मेदारी प्रभारी कार्यपालन यंत्री जलप्रदाय को सौंपी है।

जल की समुचित निकासी एवं व्यवस्थित बहाव के लिए आवश्यक व्यवस्था तथा इस हेतु पृथक से दल गठित करना, वर्षा काल में सड़ी-गली सब्जी-फल आदि के विनिष्टीकरण की कार्यवाही एवं इस हेतु पृथक से दल गठित करना तथा नगर के विभिन्न क्षेत्रो में छोटे एवं बड़े नाले-नालियों की वर्षा पूर्व समुचित सफाई एवं जल एक स्थान पर एकत्रित न हो इसकी व्यवस्था, सार्वजनिक शौचालयों एवं मुत्रालयों की नियमित रूप से साफ-सफाई करवाई जाकर आपदा प्रबंधन के संबंध में आवश्यक संसाधन, कीटनाशक आदि की व्यवस्था करने की जिम्मेदारी प्र.स्वास्थ्य अधिकारी एवं स्वच्छता निरीक्षकों को सौंपी गई है। इसके अलावा प्रकाश हेतु टार्च, पेट्रोमेक्स, तैराक इत्यादि की व्यवस्था के भी निर्देश संबंधित को दिए है। निगम आयुक्त झारिया ने आपदा प्रबंधन एवं राहत कार्य के लिये नियंत्रण कक्ष जिसका दूरभाष नम्बर 07412-270563 स्थापित कर उपयंत्रियों एवं सहायक कर्मचारियों की ड्यूटी लगाए जाने के निर्देश दिए।

इसके अलावा नाले नालियों की सफाई, वर्षा के जल को बड़े नालो में मिलाना, वर्षा का पानी एक स्थान पर एकत्रित होने पर कच्चे नाले-नालियों का निर्माण करना, अतिवृष्टि स्थल पर विद्युत लाईन काटने हेतु दल गठित करना, आपदा की स्थिति में फायर ब्रिगेड दल को सुलभ रखना, तैराक की व्यवस्था करने सहित निगम के अन्य वाहनों को कार्यशील अवस्था में रखने के निर्देश संबंधितों को दिए।

# जिले में शनिवार को मिले केवल 4 कोरोना पॉजिटिव, शहर में केवल दो

प्रसारण न्यूज • रतलाम

करीब दो महीने तक कोहराम मचाने के बाद अब लगता है कि कोरोना विदा लेने लगा है। शनिवार को जिले में केवल 4 कोरोना संक्रमित पाए गए है। रतलाम शहर में तो कोरोना लगभग जा चुका है। शनिवार के मिले 4, कोरोना मरीजों में से रतलाम शहर का केवल 2 महिलाये है। स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, शनिवार को कुल 4, कोरोना पाजिटिव मरीज मिले है। शनिवार को मिले मरीजों मे दो महिला और दो पुरुष है। रतलाम

## जिले में कोविशील्ड वैक्सीन खत्म, कोवेक्सीन का दूसरा डोस लगवाने उमड़ी लोगों की भीड़



रतलाम। मध्य प्रदेश के कई जिलों के साथ रतलाम में भी कोरोना के टीके की किल्लत होती जा रही है। जिसकी वजह से रतलाम जिले में आज केवल 3 वैक्सीनेशन केंद्रों पर कोवेक्सीन का दूसरा डोस लगाया जा रहा है। जहां दूसरा डोस लगवाने के लिए लोगों की कतारें लग गई है। रतलाम जिले में कोविशील्ड का स्टॉक खत्म हो चुका है। वही कोवेक्सीन के भी महज 1200 टीके उपलब्ध हो पाए है जिन्हें रतलाम शहर के 3 सेंटरों पर दूसरे डोज के लिए उपयोग किया जा रहा है। दूसरा डोज लगवाने के लिए भी इन वैक्सीनेशन केंद्रों पर भीड़ उमड़ रही है। वही जानकारी के अभाव में कई लोग इन केंद्रों पर चक्कर लगा रहे है। जिला टीकाकरण अधिकारी ने बताया कि कोविशील्ड का स्टॉक खत्म हो चुका है। कोवेक्सीन के 1200 टीके प्राप्त हुए थे जिन्हें शहर के

**सीवरेज प्लान** • पटरी पार वाले 22 हजार घरों से निकला सीवरेज प्लांट तक पहुंचेगा

# रतलाम शहर का गंदा पानी साफ करने के लिए खेतलपुर में ट्रीटमेंट प्लांट तैयार

**• उद्योगों, रेलवे, खेती के लिए सप्लाई होगा साफ किया हुआ पानी क्योंकि पीने योग्य नहीं होगा**

भास्कर संवाददाता | रतलाम

13-6-2021

जुलाई से पटरी पार के इलाकों के 22 हजार घरों से निकलने वाला गंदा पानी साफ होने लगेगा। खेतलपुर सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) टेस्टिंग के बाद तैयार है। प्लांट में सीवेज का पानी सिक्वेंसल बेचिंग रिएक्टर (एसबीआर) से साफ होगा। ट्रीटमेंट के बाद पानी को उद्योगों और रेलवे को सप्लाई किया जाएगा। यह पानी पीने योग्य नहीं रहेगा। उपकरण लगने और बिजली कनेक्शन के बाद इंजीनियरों की टीम ने एक बेच पानी साफ करके भी देख लिया है।

पटरी पार के 13 वार्डों में लाइन नेटवर्क काम हो चुका लेकिन 16 हजार होम कनेक्शन होना है। वह भी जून अंत या जुलाई पहले सप्ताह तक हो जाएंगे। इसके बाद जैसे ही प्लांट की क्षमता के मुताबिक गंदा पानी पहुंचने लगेगा। एसटीपी प्लांट शुरू कर दिया जाएगा। उधर करमदी रोड पर बन रहा इससे बड़ा 21 एमएलडी क्षमता वाले दूसरे एसटीपी तैयार होने में डेढ़ से दो माह लगेंगे।

## कनेक्शन होने के बाद चालू होगा प्लांट, 5 पंपिंग स्टेशन से पहुंचेगा पानी



पानी सफाई की टेस्टिंग करते इंजीनियर।


### सालभर लेट हो गए

2016 में शुरू हुआ सीवरेज सिस्टम जून 2020 में निपट जाना था। बारिश, विरोध और चुनावों के कारण पांच बार तीन से पांच माह तक बंद रहा। चार इलाकों में 750 मीटर लाइन डलना है। इसमें कलेक्ट्रेट के पास वाली बीआईपी रोड, मंगलम सिटी, जूनियर रेलवे इंस्टिट्यूट से जवाहर नगर और महू रोड बस स्टैंड से फव्वारा चौक तक लाइन डालकर मेन और सब ट्रंक लाइन जोड़ना है। जो जून अंत तक जुड़ जाएगी।

### यह दिक्कत भी

- लॉकडाउन से ठेकेदार के मजदूर अभी नहीं लौटे हैं। लोकल मजदूर से काम करवा रहा है।
- लॉकडाउन में अटकी एसटीपी की मशीनरी नहीं अब 1-2 सप्ताह में आने की उम्मीद है।
- दोनों एसटीपी को पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड की मंजूरी नहीं मिली। कंपनी फीस भर चुकी, लेकिन संक्रमण के कारण टीम नहीं आ पाई। अगले सप्ताह विजिट होने की उम्मीद।
- पंपिंग स्टेशन पर बिजली कनेक्शन और मोटर पंप सहित अन्य उपकरण लगना बाकी।

### एसबीआर तकनीक : बैक्टीरिया से साफ होगा पानी



एसबीआर से साफ होने के बाद पानी चेक किया जाता है।

सिक्वेंसियल बेचिंग रियेक्टर टेक्नोलॉजी से गंदे पानी की क्वालिटी बीओडी (बायोकेमिकल ऑक्सीजन डिमांड)-10 तक शुद्ध हो जाएगी। गंदे पानी में बीओडी 300 तक होती है।

- इसमें ब्लोअर के जरिए ऑक्सीजन छोड़ी जाएगी, जिससे ऑर्गेनिक मेटर डिकंपोज होता है।
- इस प्रक्रिया में बैक्टीरिया बनते हैं जोजा गंदगी को खाकर पानी शुद्ध करेंगे।

### ऐसा है सीवरेज सिस्टम

- **हाउस सर्विस कनेक्शन** - शहर के 43273 घर जुड़ेंगे।
- **लाइन** - 282 किमी लंबी लाइन
- **पंपिंग स्टेशन** - अर्जुन नगर, बरबड़, दीनदयाल नगर, गोमदड़े की पुलिया और भक्तन की बावड़ी स्टेशन से मेनलाइन में जाएगी।
- **मेन लाइन** - पंहली से बरबड़, सैलाना रोड से खेतलपुर एसटीपी तक और दूसरी फव्वारा चौक से करमदी ट्रेंचिंग ग्राउंड तक पानी जाएगी।
- **साफ पानी इन्हें देने की योजना** - रेलवे, इप्का लैब, मेडिकल कॉलेज, डोसीगांव और दिलीपनगर औद्योगिक क्षेत्र व अन्य।

### मॉनिटरिंग जारी

बारिश के पहले काम पूरा करवाने के लिए मॉनिटरिंग कर रहे हैं। खेतलपुर ट्रीटमेंट प्लांट की टेस्टिंग हो गई है।
**सोमनाथ झारिया,** आयुक्त

खेतलपुर एसटीपी तैयार है। पटरी पार के होम कनेक्शन पूरे होते ही प्लांट फंक्शनल हो जाएगा। एक माह में सिस्टम पूरा हो जाएगा।
**हरेश भाई,** प्रोजेक्ट इंजीनियर ठेकेदार कंपनी